17-MAR-RAIGARH-pg-01_Layout 1 3/17/2026 11:46 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 18 मार्च 2026

4 विभिन्न योजनाओं की कलेक्टर ने की समीक्षा समय पर काम पूरा करने के दिए निर्देश





## खबर संक्षेप

### लिव इन पार्टनर के साथ किया चोरी, अब जाएगा जेल

**रायगढ़।** आरोपी निलेश साहू अपनी लिव-इन पार्टनर नेहा साहू एवं सहयोगी आशीष महंत के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। मामले में पूर्व में चक्रधरनगर पुलिस ने आरोपिया नेहा साहू और आशीष महंत को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया था। आरोपी निलेश साहू फरार था, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रार्थिया प्रमिला शर्मा 58 निवासी गुलमोहर कॉलोनी, द्वारा थाना चक्रधरनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि अनकूट पूजा के दौरान घर के आभूषण आलमारी में रखने के बाद 2 नवंबर 2025 को देखने पर नकदी एवं सोने के जेवर गायब मिले। रिपोर्ट पर धारा 331,4, 305, क, 3,5 बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान संदेह के आधार पर घरेलू काम करने वाली नेहा साहू की पतासाजी की गई, जो घटना के बाद मोबाइल बंद कर फरार हो गई थी। पुलिस ने उसे बीते 18 जनवरी को दिनदयालपुरम स्थित किराए के मकान से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपिया ने खुलासा किया कि उसने प्रार्थिया को चाय में नशीली दवा मिलाकर बेहोश किया और आलमारी से सोने-चांदी के जेवर एवं नकदी चोरी कर अपने साथी निलेश साहू को दे दी। चोरी का सामान बाद में आशीष महंत के साथ मिलकर खपाया गया। उससे प्राप्त रकम से घरेलू सामान, आलमारी एवं एलईडी टीवी खरीदी गई। पुलिस ने आरोपिया के कब्जे से उक्त सामान भी जब्त किया। पुलिस टीम ने फरार आरोपी निलेश को उसके घर से गिरफ्तार किया। चोरी के बाद कुछ जेवर बेच दिए थे, जबकि दो नग दस-दस ग्राम के सोने के सिक्के अपने घर में छिपाकर रखे थे।

### पूरी जानकारी होने के राजस्व विभाग के अधिकारी नहीं कर रहे कार्रवाई

# सरकारी प्रोजेक्ट के लिए जमीन के लाले, इधर बोदाटिकरा की खाली जमीन में बस चुकी है पूरी बस्ती





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सरकारी प्रोजेक्ट के लिए राजस्व विभाग के पास कोई जमीन नहीं है, लेकिन बोदाटिकरा में खाली जमीन पर पूरी बस्ती बस चुकी है। यह तहसीलदार, आरआई और पटवारी सबको मालूम है, क्योंकि एक बार यहां सर्वे हो चुका है। बोदाटिकरा पुल के पास एनएच 49 गढ़उमरिया मुख्य मार्ग से लगे हुए खाली जमीन पर 47 घर बन चुके हैं। यह तहसील के रिकार्ड में है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। दूसरी ओर यहां की जमीन की खरीदी-बिक्री बांजीनपाली का तुलसी चौहान नामक कोई शख्स कर रहा है। पूरी खरीदी बिक्री स्टाम्प पेपर पर हो रहा है। कुछ लोग तो किराए पर भी रहते हैं। कुछ घरों में ताला लगा है, कुछ जगहों पर बांस से घेराव भी किया गया है। कहीं खंभा लगाकर कब्जा किया जा रहा है। यह हालात है बोदाटिकरा पुल के पास स्थित जमीन का। सरकारी रिकार्ड के अनुसार यहां करीब 47 घर हैं, जिनका राजस्व विभाग ने एक बार सर्वे भी कराया था। वहां रहने वाले लोगों ने बताया कि स्टाम्प पेपर पर खरीदी बिक्री की गई है। उनके पास स्टाम्प रखा है।

#### दो साल में बन गया 47 घर

यहां के नजूल जमीन पर आज नहीं बल्कि दो साल पहले से कब्जा हो रहा है। शुरुआत में एक दो घर ही बना था, लेकिन धीरे-धीरे 47 घर बन चुका है। वहां के लोग तो किसी बड़े नेता के बारे में कहते हैं, उनको पूरी जानकारी है। अब यह कौन नेता है वहां के लोग ही जानें। नजूल होने के बाद भी किसी को किसी का कोई खौफ नहीं है। बेधड़क खरीदी-बिक्री हो रही है।

#### और सबसे बड़ा सवाल, बिना कागज लग गई लाइट

यहां बोर भी है और सभी घरों में लाइट भी है। याने नजूल जमीन होने के बाद भी बिजली विभाग आंखें बंद कर बिजली दे रहा है। देखा जाए तो बिजली विभाग में कोई कायदे- कानून नहीं है। स्टाम्प दिखाओ और मीटर लगवाओ। यहां किसी के घर में बोर किया गया है। वहां से सभी घरों में पानी सप्लाई होती है।

#### पुल के नीचे होते जा रहा कब्जा

ऐसा नहीं है कि केवल बोदाटिकरा में खाली जमीन पर कब्जा हो रहा है। यहां पुल के नीचे भी कब्जा हो रहा है। यहां कोई घर बना लिया है तो कोई पिल्लर खड़ा कर रहा है। बांस बल्ली से घेराव के बाद धीरे से ईंट का घेराव हो जा रहा है। राजस्व विभाग के अधिकारियों को तो वीवीआईपी और वीआईपी मेंनटेंन करने में ही फूर्सत नहीं है।

### इंस्टाग्राम में बातचीत, जबरदस्ती किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**रायगढ़।** महिला थाने में 15 मार्च को नाबालिग परिजनों के साथ उपस्थित होकर उध्दव दास महंत 21 वर्ष निवासी टाड़ीपार वार्ड क्रमांक 06,थाना केडार जिला सारंगढ़.बिलाईगढ़, वर्तमान निवास बाजीपाली पटेल के किराए के मकान थाना जूटमिल के विरुद्ध जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने एवं डरा धमकाकर 10 हजार लेने की शिकायत दर्ज कराई। महिला पुलिस ने धारा 64, 351,3 बीएनएस तथा 04 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि उसकी मुलाकात अपने मामा के गांव में आरोपी से हुई थी, जिसके बाद दोनों के बीच इंस्टाग्राम पर बातचीत शुरू हुई। 26 जनवरी को आरोपी उसे स्कूल के पास से मोटरसाइकिल में बैठाकर घुमाने के बहाने अपने किराए के मकान ले गया, जहां बहला फुसलाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया और किसी को बताने पर धमकी दी। आरोपी ने पीड़िता से धमका कर 10 हजार भी ले लिया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## रात एक बजे हादसा, ट्रेन की चपेट में आया आरक्षक, मौत



**रायगढ़।** सोमवार-मंगलवार की रात करीब 1-2 बजे के बीच ट्रेन की चपेट में आने से आरक्षक की मौत हो गई। आरक्षक एसपी कार्यालय में कार्यरत था। इस घटना की जांच जीआरपी कर रही है। बीत रात करीब करीब 1-2 बजे के बीच हादसा हो गया। लोअर टी शर्ट पहने आरक्षक सुजीत मिंज पिता सूपरियान मिंज 26 निवासी घरघोड़ा, हाल मुकाम रामभाठा स्टेशन गया था। इस दौरान लाइन नंबर चार में रात करीब डेढ़ बजे ट्रेन की चपेट में आ गया। इस मौत को अभी संदिग्ध माना जा रहा है। कारण देर रात की घटना है और घर वालों को पता भी नहीं है। ऐसे में जीआरपी की जांच में ही मामले का खुलासा हो सकता है। आरक्षक सुजीत मिंज की अनुकंपा नियुक्ति में नौकरी कर रहा था।

## पांचवीं-आठवीं बोर्ड परीक्षा बनी मजाक, स्कूलों में पहुंच रहे खुले प्रश्न पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के अधिकारियों ने पांचवीं-आठवीं बोर्ड परीक्षा को पूरी तरह से मजाक बना दिया है। मजाक इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि स्कूलों तक खुले प्रश्न पत्र पहुंच रहे हैं। थानों से संकुलों में पेपर लेकर पहुंच रहे हैं। वहां पहले पेपर का पैकेट खोली जा रही है, फिर दूसरे पैकेट में पैक करके दी जा रही है। याने गोपनीयता को लेकर किसी तरह न तो सावधानी बरती जा रही है और न ही कायदे कानून का पालन किया जा रहा है। हालात यह है कि स्कूलों तक खुले हुए प्रश्प पत्र पहुंच रहे हैं। जिले में 348 संकुल हैं जहां इसी सिस्टम से पेपर वितरण किया जा रहा हे। 16 मार्च से कक्षा पांचवी और आठवीं की परीक्षा चालू हो गई है। बोर्ड की तर्ज पर परीक्षा तो ली जा रही है, लेकिन गोपनीयता भंग करके। बोर्ड से आई प्रश्न पत्रों को थानों में रखी गई है। वहां से संकुलों में लेकर जाते हैं। संकुलों से स्कूलों को वितरण किया जा रहा है। खास बात यह है कि यदि किसी स्कूल का दर्ज संख्या 12 है और पैकेट में 20 प्रश्न पत्र हैं तो उसमें से 8 निकाल कर दूसरे पैकेट में दिया जा रहा है। 99 फीसदी स्कूलों को इसी तरह प्रश्न पत्र दिया जा रहा है। हरिभूमि की टीम ने 17 मार्च को संकुल में जाकर देखा तो दंग रह गए। हालांकि हमने गोपनीयता और नियम कानून का पालन करते हुए न तो वीडियो बनाया और न ही फोटो खींचा, लेकिन अधिकारी इसका पालन नहीं कर रहे हैं। पैकेट खोल कर देना ही गोपनीयता भंग करना है। अधिकारी इसलिए लापरवाही कर रहे हैं क्योंकि किसी बच्चे को फेल करना ही नहीं है। ऐसे में किसी बच्चे को नकल करने की जरुरत ही नहीं है। प्रश्न पत्र लीक होने पर भी इसका कोई फायदा नहीं है। कारण कोई बच्चा लिखे या न लिखे फेल तो होगा नहीं। यदि फेल होता है तो उसके लिए गर्मी भर क्लास लगानी है और उसे पढ़ाई कराने के बाद दोबारा परीक्षा लेकर पास करना है। ऐसे में गर्मी में कौन चाहेगा बच्चे फेल हो जाए। इसके कारण ही इस तरह बोर्ड की तर्ज पर ली जा रही परीक्षा को पूरी तरह से मजाक बना दिया गया है।



## खबर संक्षेप

### खाद्य अनुज्ञप्ति-लाइसेंस पंजीयन के लिए शिविर आज

**जशपुरनगर।** खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिला जशपुर के समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं खुदरा, होलसेल, वितरक, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, विनिर्माता और वेंडर, कैटरर्स, मिलर्स, स्ट्रीट फूड वेंडर आदि को उनके द्वारा संचालित खाद्य व्यापार के वार्षिक टर्नओवर के अनुसार आवश्यक खाद्य अनुज्ञप्ति-लाईसेंस पंजीयन हेतु 18 मार्च को सनातन धर्मशाला, कांसाबेल मेन रोड़ में 11 बजे से शिविर आयोजित किया जा रहा है। उक्त शिविर में खाद्य अनुज्ञप्ति, पंजीयन से संबंधित कार्य हेतु आवश्यक मार्गदर्शन व सहयोग दिया जाएगा। जिसमें खाद्य प्रतिष्ठान के लिये नवीन खाद्य अनुज्ञप्ति व पंजीयन हेतु आवेदन, जारी खाद्य अनुज्ञप्ति पंजीयन में नियमानुसार बदलाव, नवीनीकरण, 12 लाख से अधिक का टर्नओवर वाले पंजीयनधारी खाद्य कारोबारकर्ता को नियमानुसार खाद्य लाईसेंस हेतु आवेदन प्राक्रिया किया जाएगा।

### प्रकरणों के निराकरण हेतु शिविर 20 तक

**जशपुरनगर।** जिले के सामान्य भविष्य निधि के ऋणात्मक शेष, फूलवांट, पार्टवांट, मिशिंग क्रेडिट, सेवानिवृत्त एवं मृतक कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि के अंतिम भुगतान प्रकरणों का निराकरण किए जाने हेतु 18 से 20 मार्च तक जिला कोषालय में शिविर का आयोजन किया जा रहा है।
उक्त निराकरण शिविर में महालेखाकार रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा जिले उन कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि, सेवानिवृत्ति और अंतिम भुगतान प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा जो अब तक लंबित है। जिला कोषालय अधिकारी ने निराकरण शिविर में जिले के सभी कर्मचारियों को सम्पूर्ण दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर लाभ लेने के लिए आग्रह किया गया है।

### भारतीय सेना में भर्ती के लिए आवेदन जारी

**जशपुरनगर।** सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा भारतीय सेना में विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु अधिसूचना को जारी की जा चुकी है। यह अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 फरवरी प्रारंभ हो चुकी है, जो 01 अप्रैल 2026 तक खुली रहेगी। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित समयावधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जारी अधिसूचना के अनुसार अग्निवीर पुरुष (जनरल ड्यूटी, तकनीकी, लिपिक/स्टोर कीपर, ट्रेडमैन दसवीं पास, ट्रेडमैन आठवीं पास), अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थायी कैडर के अंतर्गत नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट एवं सिपाही फार्मा के पदों पर भर्ती की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 01 जून से 10 जून 2026 के मध्य आयोजित किए जाने की संभावना है। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देश एवं पात्रता शर्तों का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें। सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर ने स्पष्ट किया है कि भारतीय सेना में चयन प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी है तथा केवल योग्यता के आधार पर ही चयन किया जाता है। अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार के दलाल या मध्यस्थ से सावधान रहने की सलाह दी गई है।

### 126 करोड़ की लागत से 42 सड़कों का होगा निर्माण

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दूरदर्शी नेतृत्व और विकासोन्मुखी सोच के अनुरूप जशपुर जिले में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है।
जिले में आधारभूत संरचना को मजबूत बनाने की दिशा में लगातार ठोस पहल की जा रही है इसके परिणामस्वरूप आने वाले समय में जिला विकास के नए आयाम स्थापित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बीते दो वर्षों से अधिक के कार्यकाल में आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्यों का संचालन किया जा रहा है। इन योजनाओं का प्रभाव अब स्पष्ट रूप से धरातल पर दिखाई देने लगा है। जिले के गांवों से लेकर शहरों तक सड़कों, पुलों और पुलियों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है।

---

### 39 करोड़ के विकास कार्यों को हरी झंडी

# संजय मार्केट का होगा उन्नयन, एमआईसी ने दी स्वीकृति

**13 प्रस्तावों पर हुई चर्चा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर निगम में सोमवार की शाम आयोजित मेयर इन काउंसिल एमआईसी की बैठक में शहर के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में 13 एजेंडा पर विचार विमर्श किया गया, जिनमें सब्जी मार्केट उन्नयन, सौंदर्यीकरण, पार्किंग एवं सर्विस एरिया, हाई मास्क लाइट, जल आपूर्ति संबंधित 39 करोड़ रुपए के विकास कार्यों को हरी झंडी दी गई।

बैठक की अध्यक्षता महापौर जीवर्धन चौहान ने की। सबसे पहले नगरों उत्थान योजना अंतर्गत संजय मार्केट निर्माण एवं उन्नयन कार्य, रामलीला मैदान उन्नयन, भुजबधान तालाब संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण, केवड़ाबाड़ी से मरीन ड्राइव नाला चैनेलाइजेशन, स्टेडियम में हाई मास्क लाइट, अमलीभौंना में ट्रक पार्किंग एवं सर्विस एरिया निर्माण लगभग 22 करोड रुपए की लागत के निर्माण



कार्यों पर चर्चा की गई। एजेंडा को सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई। इसी तरह शहर के किसी एक तालाब को आरएफपी प्रारूप पीपीपी मॉडल में संचालन एवं संधारण करने संबंधित एजेंडा पर चर्चा की गई, जिसे शासन के निर्देशानुसार स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया। इसी तरह अमृत मिशन योजना 2.0 के संबंध में चर्चा की गई। इसमें बताया गया कि योजना अंतर्गत किसी एक ओवरहेड टैंक के क्षेत्र में 24 घंटा सप्ताह के सातों दिन पानी सप्लाई करने संबंधित कार्य के लिए मशीनीकरण एवं पाइपलाइन विस्तार एवं अन्य संसाधन स्थापित किया जाएगा। इस पूरे योजना की लागत 17 करोड़ 88 लख रुपए आएगी। शासन के तरफ से योजना के संबंध में विस्तृत गाइडलाइन प्रसारित की गई है। चर्चा के उपरांत एजेंडा को भी बैठक में शहर के विभिन्न वार्डों में सड़क, नाली, अधोसंरचना विकास, मरम्मत एवं अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

स्वीकृत कार्यों के क्रियान्वयन से शहर के अलग.अलग क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति मिलेगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के विकास के लिए लगातार योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जा रहे हैं। शहर के प्रत्येक वार्ड में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना निगम की प्राथमिकता है। वहीं निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने संबंधित अधिकारियों को स्वीकृत विकास कार्यों की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर समयबद्ध तरीके से कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

---

### एचपीवी टीकाकरण अभियान शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ




**जशपुरनगर।** जिले में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए एचपीवी टीकाकरण अभियान तथा शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ किया गया। जिला चिकित्सालय जशपुर में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत के आतिथ्य में दोनों अभियानों की शुरुआत हुई। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों एवं किशोरी बालिकाओं को समय पर टीकाकरण कराकर इन अभियानों का लाभ अवश्य लें, ताकि भविष्य में गंभीर बीमारियों से बचाव सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक मुकेश सोनी, डॉ.विपिन इंदवार, सिविल सर्जन डॉ. कपिलदेव कश्यप, डॉ.आरएस पैंकरा, डॉ. अनुभा, श्री राजेश कुरील, वीसीसीएम राजेश, एएनएम श्रीमती अनिता सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, मितानिन एवं आमजन मौजूद रहे।

---

# चोरों को पुलिस का खौफ नहीं, दो दिन में दो बैंक में चोरी का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- **दोनों में चोरों को नहीं मिली सफलता, सीसीटीवी और डीवीआर ले भागे चोर**

चोरों को पुलिस का कोई खौफ नहीं है। इसका ताजा उदाहरण दो दिनों में दो बैंक में चोरी के प्रयास से देखा जा सकता है। हालांकि दोंनों ही बैंक में चोरों के चोरी करने में सफलता नहीं मिली, लेकिन यदि पुलिस का डर रहता तो बैंक जैसे सुरक्षित स्पॉट में चोरी करने जाते ही नहीं। जो भी हो दोनों बैंक में चोरी होने से बच गया है।

पहली घटना धरमजयगढ़ के खम्हार गांव के ग्रामीण बैंक का है। यहां रविवार को चोरी का प्रयास किया गया। वहीं दूसरी घटना पटेलपाली पंजाब बैंक का है। जानकारी के मुताबिक बीती रात पेट्रोलिंग में लगे आरक्षक परमानंद पटेल एवं समीर बेक अपने निजी वाहन से कोड़ातराई स्थित बैंक की ओर जा रहे थे। तभी पटेलपाली स्थित पंजाब नेशनल बैंक के बाहर एक संदिग्ध चार पहिया वाहन खड़ी दिखाई दी और बैंक की लाइट बंद होने से उन्हें संदेह हुआ। दोनों आरक्षक बैंक की ओर पहुंचे, पुलिसकर्मियों को आता देख बाहर खड़ी गाड़ी को चालक ने स्टार्ट किया और तभी बैंक की ओर से एक व्यक्ति भागते हुए वाहन में बैठा और तेजी से शहर की ओर फरार हो गया। आरक्षकों ने थाना प्रभारी जूटमिल एवं पेट्रोलिंग टीम को जानकारी दी। मौके पर टीआई जूटमिल एवं स्टाफ रायफल के साथ घेराबंदी के लिए पहुंचे। प्रारंभिक जांच में अज्ञात आरोपियों द्वारा बैंक का चैनल गेट तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया था। आरोपियों ने बैंक के दो डीवीआर निकाल लिए हैं, बाहरी सीसीटीवी कैमरों को क्षतिग्रस्त किया गया है। बैंक के चेस्ट और लॉकर से लगी दीवार को तोड़ने का प्रयास किया गया था, लेकिन सफलता नहीं मिली।



---

### बाइक-स्कूटी भिड़ी, युवक की मौके पर मौत, दो महिलाओं समेत 4 घायल

**जशपुरनगर।** रनपुर–सरबकबम्बो मार्ग पर दोंद्रोघाट के पास सोमवार शाम करीब साढ़े 6 बजे एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। स्कूटी और मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो महिलाओं समेत चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार, अफरा-तफरी और लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मोटरसाइकिल सवार दो युवक रनपुर की ओर आ रहे थे, जबकि सामने से एक स्कूटी में तीन लोग जिनमें दो महिलाएं शामिल थीं पण्डरीपानी की ओर जा रहे थे। दोंद्रोघाट चर्च से कुछ दूरी पहले सड़क किनारे स्थित एक दुकान के सामने दोनों वाहनों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयावह थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए और सभी सवार उछलकर सड़क पर जा गिरे। हादसे में मोटरसाइकिल सवार पंकज मिंज (पिता दोमनिक मिंज), निवासी पण्डरीपानी डोमराटोली की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास मौजूद लोगों के अनुसार, टक्कर इतनी तेज थी कि पंकज को संभलने का मौका तक नहीं मिला और उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।



---

# मायके वालों को बुलाकर कराई पति की पिटाई

## घटना के दो दिन बाद पति की मौत; 4 महिलाएं सहित 5 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां पत्नी ने ही अपने परिजनों के साथ मिलकर पति की ऐसी पिटाई करवाई कि दो दिन बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए चार महिलाओं सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार, मृतक सुनील राम ने करीब छह महीने पहले कांसाबेल क्षेत्र के ढेंगुर जोर गांव की मीरा बाई को प्रेम संबंध के चलते भगाकर अपने साथ रखा था। यही संबंध आगे चलकर विवाद और फिर हत्या की वजह बन गया। 1 मार्च को मीरा बाई ने अपने मायके पक्ष के लोगोको प्रेमनगर केराडीह बुलाया। घर पहुंचते ही किसी बात को लेकर विवाद बढ़ा और मामला हिंसक हो गया। आरोप है कि मीरा बाई ने अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर सुनील राम की जमकर पिटाई कर दी। मारपीट के बाद सभी आरोपी मौके से चले गए।

**पुलिस ने पकड़े सभी आरोपी**

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांचों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। इसके बाद सभी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

**इन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी**

गिरफ्तार आरोपियों में चार महिलाएं मीरा बाई उम्र 20 वर्ष, मुनिया बाई उम्र 38 वर्ष, मीना बाई उम्र 22 वर्ष, पुष्पा बाई उम्र 35 वर्षऔर शंकर राम उम्र 32वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पहले मामला सामान्य मौत का लग रहा था, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर गंभीर चोटों की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया। इसके बाद जांच का दायरा बढ़ाया गया।

**दो दिन बाद तोड़ा दम**

घटना के दो दिन बाद सुनील राम की हालत बिगड़ गई। उसने शरीर में असहनीय दर्द और प्यास की शिकायत की। परिजन कुछ कर पाते, उससे पहले ही उसने दम तोड़ दिया।

**पुलिस टीम की सक्रियता से खुला मामला**

मामले की जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी में उप निरीक्षक विवेक भगत, संतोष तिवारी, एएसआई उमेश प्रभाकर सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**हत्या की इन धाराओं में मामला दर्ज**

आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) और 190 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

---

# विनोबा ऐप से मिल रहा नवाचारी शिक्षा को बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



**ये है पोस्ट ऑफ द मंथ के विजेताः** मॉर्निंग असेंबली मे उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु अरविन्द कुमार वर्मा, सलोमी केरकेट्टा, अनुराधा, शामिल रहे साथ ही ब्लॉक स्तरीय पोस्ट ऑफ मंथ मे रेनू प्रधान, आरती ओहदार, मोहम्मद वसीम, अंबेश्वरी कुलदीप और संतोषी डनसेना शामिल रहे। यशस्वी जशपुर के अवनीश पांडे और सीमा गुप्ता के द्वारा सभी विजेता शिक्षकों का उत्साह बढ़ाया।

जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने हेतु जिला कलेक्टर रोहित व्यास एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में ओपन लिंक्स फाउंडेशन द्वारा विनोबा ऐप के माध्यम से नवाचारी शैक्षणिक गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिन्हा के दिशा-निर्देश एवं यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता के समन्वय से संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में उत्कृष्ट शिक्षण कार्य एवं नवाचार के लिए 'पोस्ट ऑफ द मंथ' के अंतर्गत चयनित शिक्षकों को यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता एवं यशस्वी जशपुर के सदस्य संजीव शर्मा द्वारा प्रमाण पत्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

विद्यार्थियों का आदर्श, संस्कार एवं सर्वांगीण विकास- इस अवसर पर यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि यह सम्मान केवल अपने विद्यालय तक ही सीमित न रखकर अन्य शिक्षकों के लिए भी प्रोत्साहित करे। विनोबा एप मे मॉर्निंग असेंबली से शिक्षकों के लिए रोज नए-नए टॉपिक साझा होता है जिससे विद्यार्थियों को आदर्श, संस्कार और सर्वांगीण विकास होगा। विनोबा ऐप शिक्षकों के लिए सीखने, नवाचार साझा करने और प्रेरणा प्राप्त करने का एक प्रभावी मंच है, जो शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। विनोबा के प्रोजेक्ट ऑफिसर सोमनाथ साहू ने जानकारी दी कि यह ऐप जिले के शिक्षकों द्वारा किए जा रहे नवाचारों को साझा करने, आपसी सीख को बढ़ावा देने तथा शैक्षणिक गतिविधियों के दस्तावेजीकरण हेतु विकसित किया गया है। उल्लेखनीय है कि विनोबा भावे टीम जिले में एफएलएन, जवाहर नवोदय, जेईई एवं नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहयोग के साथ-साथ दैनिक उपस्थिति डाटा संग्रहण का कार्य भी यशस्वी जशपुर के समन्वय से कर रही है। कार्यक्रम के दौरान जिला स्तरीय पोस्ट ऑफ मंथ विजेता शिक्षकों मे सिरमती चौहान, शारदा पैकरा, श्रीमती सुमन रवानी, ममता कायता, शामिल रहे।

---

# समाधि स्थापना उत्सव में 24 घंटे चला अष्टयान संकीर्तन

**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय के गम्हरिया स्थित अघोरेश्वर आश्रम में भक्ति भाव के साथ दो दिवसीय अघोरेश्वर समाधि स्थापना उत्सव मनाया गया। सबसे पहले गुरुपद बाबा संभव राम ने विधिवत पूजा अर्चना की। अघोरेश्वर महाप्रभु भगवान राम ने इस आश्रम की स्थापना की थी।

15 मार्च को उनकी समाधि की स्थापना दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर दो दिन का बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।रविवार को समाधि स्थापना दिवस कार्यक्रम सुबह 9 बजे बाबा संभव राम की पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ। जशपुर में सर्वेश्वरी समूह के तीन आश्रम हैंः गम्हरिया, ब्रह्म निष्ठालय सोगड़ा और अभेद आश्रम नारायणपुर। पहले दिन 15 मार्च की सुबह 8:15 बजे ट्रस्ट के अध्यक्ष गुरुपद बाबा संभव राम ने पूजा-आरती की। 24 घंटे का अखंड अष्टयान संकीर्तन - अघोरान्त्रा परो मंत्रो नास्ति तत्वम गुरो परम महामंत्र का 24 घंटे का अष्टयान संकीर्तन प्रारंभ किया गया। यह अगले दिन 16 मार्च को प्रातः 9:00 बजे समाप्त हुआ। आयोजन में देश के विभिन्न कोने से भक्त पहुंचे। भंडारे में दिन-रात प्रसाद लेने की व्यवस्था की गई। रहने के लिए पंडाल सहित अन्य स्थानों पर विश्राम की व्यवस्था की गई थी।



**हुए विभिन्न आयोजन**

समाधि स्थापना उत्सव के दौरान पूजा करते हुए सोमवार को आश्रम में हुआ विभिन्न आयोजन। फूलों से सजाया गया महाविभूति स्थल लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। कार्यक्रम में शहर सहित आसपास के गांव के लोग भी श्रद्धा के साथ शामिल हुए। अखंड कीर्तन हजारों की संख्या में जुटी भीड़ को देखते हुए व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न समितियां बनाई गई। 'अघोरत्रां परो मंत्र नास्ति तत्वं गुरौ परम' का जाप करते रहे। लोग अखंड कीर्तन में मग्न होकर भक्तिभाव से सराबोर हुए। 12 दलों ने महाविभूति स्थल की अखंड परिक्रमा की। सफल योनि का पाठ रांची के उदयनारायण पांडेय ने किया। ब्रह्मानंद का पाठ संतोष मिश्रा ने किया अखंड कीर्तन रविवार को समाप्त हुआ। गोष्ठी का संचालन नवीन श्रीवास्तव ने किया। वक्ता के रूप में शशि गुप्ता , हिमांशु तिवारी , सुशील सिंह ने संबोधन किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ समीर सहाय ने किया।

**सफलता के लिए हमें अपने आत्म पर केंद्रित होना होगा**

आशीर्वचन में कहा कि हमलोग वर्ष में अक्सर ऐसे अवसरों पर एकत्रित होकर विचारों को सुनते हैं। ऐसे विचारों को सुनने का ध्येय है कि हमारे जीवन के भटकाव दूर हों। उस विश्वास का भी बड़ा महत्व है कि हम अपने इष्ट पर अडिग विश्वास रखें तो हमारे बहुत सारे कार्य ऐसे ही पूर्ण हो जाते हैं। हमलोग संत महात्माओं के नजदीक जाते है ,वहा उनकी बताई बातों को सुनते है लेकिन अपने जीवन में उसका तनिक भी अनुकरण नहीं करते। हम जब तक उनके बताए मार्ग का अनुकरण नहीं करेंगे अपने जीवन में सफल नहीं होंगे।

---

**स्वच्छता, आवास और विकास कार्यों की तेजी पर भी जोर**

# नगरीय निकायों में पौधरोपण के लिए बनाएं कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- **कलेक्टर ने नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

कलेक्टर रोहित व्यास ने जिले के नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विकास एवं जनहितकारी योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण के सभी मापदंडों पर विशेष ध्यान देते हुए कार्यों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, ताकि जिले की रैंकिंग में बेहतर परिणाम सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने कचरा निष्पादन, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, शौचालय निर्माण, नियमित साफ-सफाई, सिटीजन फीडबैक तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के मापदंडों में उत्कृष्ट कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के लिए सभी निकाय समन्वय के साथ कार्य करें। आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने अभी से वृक्षारोपण की ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पहली बारिश से पहले स्थल चयन, गड्ढा खुदाई और ट्री गार्ड की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। 30 जून तक गड्ढा खुदाई एवं 25 जुलाई तक वृक्षारोपण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण करने को कहा। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर श्री अनिकेत अशोक फड़तरे सहित जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारीगण मौजूद रहे। कलेक्टर श्री व्यास ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने स्वीकृत, पूर्ण, प्रगतिरत एवं अप्रारंभ कार्यों की जानकारी लेते हुए सभी आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अप्रारंभ कार्यों को प्राथमिकता के साथ शुरू करने और निर्माण कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया। कलेक्टर ने नगरीय निकायों में संपत्ति कर, जल कर एवं यूजर चार्जेस की वसूली की निकायवार समीक्षा करते हुए इसमें प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण में सुधार से निकायों की कार्यक्षमता और विकास कार्यों को गति मिलेगी।





---

# किसान मालती ने मक्का की फसल से कमाया मुनाफा

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में जल सरंक्षण और किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित है। जिसका फायदा पत्थलगांव विकासखण्ड के ग्राम काडरो के कृषक मालती मोहन उठा रहे हैं।

पहले ग्रीष्मकालीन धान की खेती करने वाले कृषक श्री मालती ने कृषि विभाग के मार्गदर्शन से इस बार 2 एकड़ की भूमि में मक्का फसल की खेती की। जिससे उनको 88,200 रूपये की शुद्ध आमदनी प्राप्त हुई। किसान ने बताया कि धान फसल की तुलना में दोगुनी मुनाफा मिलता है। किसान मालती मोहन ने बताया कि विभाग से संपर्क कर मक्का फसल लेकर खेतों में लगाया एवं उत्पादन पर कुल 11,800 रुपये का खर्च आया, जिसमें खाद, बीज एवं अन्य व्यवस्थाएं शामिल हैं। मक्का की बिक्री से 1 लाख रुपये की आमदनी हुई, जिससे उन्हे 88,200 रू. की शुद्व मुनाफा मिला। इसके विपरीत गर्मी के मौसम में धान की खेती में ज्यादा लागत और पानी भी अधिक लगता है जिसकी तुलना में लाभ भी कम होता है। कृषक मालती मोहन ने मुख्यमंत्री श्री साय और जिला प्रशासन की सराहना करते हुए धान के स्थान पर अन्य फसलों की खेती के लिए प्रेरित हुए हैं।





# बैटल ऑफ गलवान का बदला नाम, अब होगा 'मातृभूमि'

**मुंबई।** सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का नाम बदल गया है। जी हां, साल 2020 में गलवान घाटी में चीन के साथ लड़ी गई खूनी लड़ाई पर बनी इस फिल्म का नाम अब 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' होगा। यह घोषणा सोमवार, 16 मार्च को मेकर्स की ओर से की गई है। इसी के साथ फिल्म का नया पोस्टर भी जारी किया गया है, जिसमें सलमान खान का खतरनाक लुक नजर आ रहा है। हालांकि, इस नए पोस्टर से रिलीज डेट गायब है, जिसके बाद उन कयासों को फिर से हवा लगी है कि शायद फिल्म अगले महीने 17 अप्रैल को रिलीज नहीं होगी और पोस्टपोन होगी।

लाइफ Style

# प्रियंका
## व्हाइट गाउन में दिखीं बेहद ग्लैमरस


एजेंसी ▶▶ लॉस एंजिल्स

प्रियंका चोपड़ा ने ऑस्कर अवॉर्ड्स 2026 के रेड कार्पेट पर अपनी शानदार एंट्री से सभी का ध्यान खींच लिया। इस खास मौके पर वह अपने पति निक जोनस का हाथ थामे रेड कार्पेट पर पहुंचीं। इस साल सेरेमनी में एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा बतौर अवॉर्ड प्रेजेंटर ऑस्कर अवॉर्ड्स में शामिल हुईं।

वे अपने पति निक जोनस के साथ रेड कार्पेट पर नजर आईं। रेड कार्पेट पर दोनों ने साथ में पोज दिए और पैपराजी के सामने कई प्यारे पल भी शेयर किए। इस प्रतिष्ठित शाम के लिए प्रियंका ने डायर का बेहद खूबसूरत स्ट्रैपलेस सफेद गाउन चुना। ये व्हाइट कलर का था और नीचे की तरफ से लंबा फ्लोइंग डिजाइन था, जिसमें हाई स्लिट और स्कर्ट पर पंख जैसी डिटेलिंग नजर आ रही थी। प्रियंका ने अपने लुक को ब्लैक पॉइंटेड हील्स और चमकदार डायमंड नेकलेस के साथ पूरा किया। उन्होंने बालों को सीधा और स्लीक रखा। वहीं उनका मेकअप सॉफ्ट और ग्लोइंग था। निक जोनस की बात करें, तो वे क्लासिक ब्लैक वेलवेट टक्सीडो, सफेद शर्ट और बो टाई में बेहद स्टाइलिश नजर आए। दोनों का आउटफिट एक क्लासिक रेड कार्पेट लुक दे रहा था। रेड कार्पेट पर पहुंचने से पहले प्रियंका ने अपने फैंस के साथ इंस्टाग्राम स्टोरी पर तैयारियों की क्लिप्स भी शेयर की। एक छोटे से वीडियो में वह इसी सफेद डियोर गाउन में अवॉर्ड सेरेमनी के लिए तैयार होती नजर आईं और उनके साथ निक जोनस भी थे। उन्होंने अपने ड्रेसिंग रूम के कुछ बिहाइंड द सीन मोमेंट्स भी शेयर किए, जहां उनकी टीम उनके लुक को फाइनल टच दे रही थी।



## हॉलीवुड मसाला



# भारत में पोस्टपोन हुआ शो

**लॉस एंजिल्स।** रैपर कान्ये वेस्ट के भारत के कॉन्सर्ट को लेकर एक अहम जानकारी सामने आई है। अब कान्ये वेस्ट का इंडिया टूर टल गया है। पहले यह कॉन्सर्ट 29 मार्च को होने वाला था। रैपर और म्यूजिशियन कान्ये वेस्ट अपने भारत के कॉन्सर्ट को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। कान्ये वेस्ट का इंडिया टूर अब टल गया है। कान्ये वेस्ट का शो पहले 29 मार्च 2026 को नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होना था, लेकिन अब इसे 23 मई 2026 को कर दिया गया है।



# यह तो मेरे लिए गर्व की बात है ...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म सिनर्स के स्टार माइकल बी. जॉर्डन के लिए इस साल का ऑस्कर अवॉर्ड्स बहुत खास रहे। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड्स में उन्होंने पहली बार बेस्ट एक्टर का ऑस्कर जीतकर इतिहास रच दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, वह लीड एक्टर कैटेगरी में ऑस्कर जीतने वाले छठे ब्लैक एक्टर बन गए हैं। अपने इमोशनल एक्सेप्टेंस स्पीच में माइकल बी. जॉर्डन ने उन दिग्गज कलाकारों को याद किया जिन्होंने ब्लैक कलाकारों के लिए रास्ता बनाया। उन्होंने खास तौर पर सिडनी पोइटियर और विल स्मिथ का जिक्र किया। उन्होंने आगे कहा, 'इन महान कलाकारों के बीच अपना नाम जुड़ना मेरे लिए गर्व की बात है।' माइकल बी. जॉर्डन का जन्म 9 फरवरी 1987 को अमेरिका के कैलिफोर्निया के सैंटा एना शहर में हुआ था। उनका पूरा नाम माइकल बकारी जॉर्डन है।



# अब श्रेया भी लेंगी सिंगिंग से ब्रेक

**मुंबई।** अरिजीत सिंह के प्लेबैक सिंगिंग से संन्यास लेने के फैसले पर जहां अभी तक फैंस को यकीन नहीं हो रहा, वहीं अब सिंगर श्रेया घोषाल ने भी इस कदम की ओर इशारा किया है। 42 साल की श्रेया ने एक नए इंटरव्यू में इस बात पर जोर दिया कि लाइव सिंगिंग में स्टेज पर लिप-सिंकिंग करना ऐसी चीज है, जिस पर वह कभी निर्भर नहीं रहना चाहेंगी। अरिजीत सिंह के प्लेबैक सिंगिंग से ब्रेक लेने के फैसले पर फैंस के बीच चर्चा छिड़ने के बाद, अब श्रेया ने कहा है कि जिस दिन उन्हें ऐसा कुछ करना पड़ा, वह गाना बंद कर देंगी। 5 बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीत चुकीं श्रेया ने कहा कि कभी-कभी उनका मन भी ब्रेक लेने का करता है। सात बार फिल्मफेयर अवॉर्ड जीत चुकीं श्रेया ने कहा कि लाइव परफॉर्मेंस देना एक कलाकार के तौर पर उनकी पहचान का अहम हिस्सा है।



# कुंभकर्ण के किरदार में नजर आएंगे फैसल

**मुंबई।** 'रामायण' सबसे ज्यादा इंतजार किए जाने वाले प्रोजेक्ट्स में से एक है। इस फिल्म में रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश जैसे कई बेहतरीन कलाकार शामिल हैं। फिल्म को लेकर फैंस उत्साहित हैं। खबर है कि इस फिल्म से 'पंचायत' फेम फैसल मलिक भी जुड़ रहे हैं। वह इसमें अहम किरदार निभाएंगे। 'रामायण'में कुंभकर्ण की भूमिका के लिए फैसल को चुना गया है। इससे पहले, इस भूमिका के लिए बॉबी देओल का नाम सामने आया था। फैसल को सीरीज 'पंचायत' में प्रह्लादचा का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है। हाल ही में उन्हें अनिल कपूर की फिल्म 'सूबेदार' में भी देखा गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने फिल्म की शूटिंग का पहला शेड्यूल पूरा कर लिया है। वह मुंबई के प्राइम फोकस स्टूडियो में कुंभकर्ण के शुरुआती सीन के लिए यश के साथ शामिल हुए।

## टीवी मसाला



# तान्या ने राम-सीता प्रिंट वाली साड़ी से पोंछा एकता का मुंह

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के खत्म होने के बाद एक बार फिर तान्या मित्तल चर्चा में हैं। इस बार राम-सीता वाली प्रिंट की साड़ी को लेकर बवाल मचा हुआ है, जिससे उन्होंने एकता कपूर का मुंह पूछ दिया। ये सब देखकर लोग भड़क उठे हैं, जिसमें वड़ा पाव गर्ल भी कूद पड़ी हैं। हालांकि, लोगों ने यहां चंद्रिका को धो डाला है। बता दें कि 'बिग बॉस 19' के समय से ही तान्या मित्तल एकता कपूर के प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में रही हैं। पिछले कुछ समय से तान्या और एकता की कुछ झलकियां सोशल मीडिया पर भी खूब दिखी हैं जिसमें 'बिग बॉस' की कंटेस्टेंट्स टीवी क्वीन को गिफ्ट-शिफ्ट देती दिखीं। अब सोशल मीडिया पर छाए एक वीडियो में तान्या एकता के साथ दिख रही हैं। केवल साथ ही नहीं दिख रहीं बल्कि साड़ी को फ्लॉन्ट करते हुए कुछ ऐसा कर डाला कि लोगों का गुस्सा अब सातवें आसमान पर है। तान्या मित्तल ने एकता कपूर का मुंह उसी साड़ी के पल्लू से पोछ दिया जिस पर भगवान राम और सीता की तस्वीर छपी नजर आ रही है। लोगों ने भड़कते हुए तान्या के इस हरकत पर कॉमेंट किया है। एक यूजर ने वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा, 'इन लोगों ने भगवान का भी मजाक बनाकर रख दिया। एक ने गुस्से में कहा- बाप रे, भगवान का चित्र बना हुआ है और इससे उसने पसीना पोंछा। एक और ने कहा- वैसे पल्लू पर श्री राम जी और सीता जी बनवाए हुए हैं और उन्हीं से उसका मुंह पूछ रहे हैं, कितनी बेवकूफी है।

## फलक से मांगी गई जन्म कुंडली



**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस फलक नाज उस वक्त भड़क गईं, जब एक प्रोडक्शन हाउस ने उनसे उनकी जन्म कुंडली मांगी। प्रोडक्शन हाउस ने उन्हें एक बड़ा टीवी सीरियल ऑफर किया था। लेकिन फलक नाज ने सीरियल ठुकरा दिया और प्रोडक्शन हाउस को लताड़ते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसमें फलक नाज ने बताया है कि कैसे क्या हुआ और किस तरह उन्होंने शो ठुकरा दिया। फलक नाज ने कहा कि उन्हें अभी भी बहुत गुस्सा आ रहा है, पर उन्होंने यह वीडियो उन लोगों के लिए शेयर किया है, जो एक्टिंग में आना चाहते हैं। फलक नाज हैरान हैं और गुस्सा रहा है कि प्रोडक्शन हाउस ने उन्हें सीरियल में रोल ऑफर करने से पहले उनकी कुंडली मांगी, ताकि चेक कर सकें कि उनके हिसाब से सीरियल कैसा चलेगा। फलक ने कहा कि टैलेंट के बजाय कुंडली के आधार पर किसी को काम देना गलत है और वह इस इंडस्ट्री में 15 साल से सिर्फ अपने एक्टिंग टैलेंट, स्किल्स और क्राफ्ट की वजह से हैं।

# शाहरुख की वजह से जवान में काम करने के लिए हुए राजी : विजय

**मुंबई।** विजय सेतुपति ने शाहरुख खान की अदाकारी वाली फिल्म 'जवान' को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। साल 2023 में रिलीज हुई इस फिल्म में उन्होंने काली गायकवाड नाम के विलेन का किरदार निभाया था। एटली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में उनके अभिनय की काफी तारीफ हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर भी यह फिल्म कामयाब रही थी। विजय सेतुपति ने शाहरुख खान स्टारर 'जवान' में काम करने के अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने कहा 'एटली के फिल्म बनाने के तरीके की मैं तारीफ करता हूं। उन्हें पता है कि सीन को कहां उठाना है और कैसे दिलचस्प बनाना है।' तमिल एक्टर एटली ने कहा फिल्ममेकर अपने सीन को लेकर आत्मविश्वास से भरे हुए थे। उन्होंने आगे कहा 'यकीनन यह शाहरुख खान को लेकर है। सिर्फ उनकी वजह से मैंने इस फिल्म में काम किया।' एटली के निर्देशन में बनी फिल्म 'जवान' में शाहरुख खान, नयनतारा, दीपिका पादुकोण, विजय सेतुपति, सान्या मल्होत्रा और प्रियमणि नजर आए। इस फिल्म को शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस का सपोर्ट मिला। बॉक्स ऑफिस पर ग्लोबली इस फिल्म ने 1100 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की थी। शाहरुख खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'किंग' की तैयारी में जुटे हैं। इसका निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन, अरशद वारसी, रानी मुखर्जी, अनिल कपूर और सुहाना खान नजर आएंगे। यह फिल्म इस साल दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। विजय सेतुपति अपकमिंग फिल्म 'मुथु आलिया काट्टान' में नजर आएंगे। यह फिल्म 27 मार्च, 2026 को एक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है।



# 1980 में शुरू हुआ सिक्स पैक एब्स का ट्रेंड, नसीरुद्दीन ने की थी शुरुआत...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में सिक्स-पैक एब्स का ट्रेंड आज बहुत आम हो गया है। हीरो फिल्म में शर्ट उतारकर अपनी फिट बॉडी फ्लॉन्ट करते हैं और फैंस उनकी बॉडी को देखकर इंस्पायर होते हैं। लेकिन, सवाल यह है कि इस ट्रेंड को सबसे पहले किस अभिनेता ने शुरू किया था? सचाई यह है कि बॉलीवुड में सिक्स-पैक एब्स को लीड एक्टर के तौर पर सबसे पहले दिखाने का श्रेय नसीरुद्दीन शाह को जाता है। 1987 में आई फिल्म 'जलवा' में नसीरुद्दीन ने एक सीआईडी ऑफिसर का रोल किया था। इस रोल के लिए उन्होंने अपनी बॉडी को पूरी तरह ट्रांसफॉर्म किया और स्क्रीन पर सिक्स-पैक एब्स दिखाए। उस समय यह बहुत नई और हैरान करने वाली बात थी, क्योंकि पहले ज्यादातर हीरो मजबूत बॉडी तो रखते थे, लेकिन साफ-साफ छह पैक एब्स वाला लुक लीड एक्टर्स में नहीं दिखता था।



### दारा सिंह और धर्मेंद्र

दारा सिंह और धर्मेंद्र जैसे एक्टर्स को बहुत मजबूत और मस्कुलर बॉडी के लिए जाना जाता था। दारा सिंह को 'बॉलीवुड का ओरिजिनल सिक्स-पैक हीरो' भी कहा जाता है, क्योंकि वह पहलवान थे और उनकी बॉडी बहुत पावरफुल थी। वहीं, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में उन्हें 8-पैक तक बताया जाता है। लेकिन, उनका लुक ज्यादा सिंपल था।

### सलमान की वजह से ट्रेंड हुआ पापुलर

सलमान खान ने 90 के दशक में फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' के गाने 'ओ ओ जाने जाना' सॉन्ग में शर्टलेस होकर सिक्स-पैक दिखाए। जिसके बाद से फैंस और सेलेब्स के बीच सिक्स पैक एब्स का ट्रेंड ज्यादा पॉपुलर हो गया। आज सलमान की वजह से लाखों फैंस जिम जाने लगे, ताकि वह उनकी तरह बॉडी बना सकें।

### ऋतिक और जॉन अब्राहम

ऋतिक रोशन ने इस ट्रेंड को फिल्म 'कहो ना प्यार है' से इसे और ज्यादा ग्लैमरस बनाया। वहीं जॉन अब्राहम को भी सिक्स-पैक का किंग कहा जाता है, खासकर 'दोस्ताना' और 'फोर्स' जैसी फिल्मों में उनका सिक्स पैक एब लुक फैंस को बेहद पसंद आया। इस लिस्ट में और भी कई अभिनेता शुमार हो चुके हैं, जिनमें रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ और भी कई नामी स्टार्स शामिल हैं।

## लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में किया गया 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स का आयोजन

# बेस्ट पिक्चर वन बैटल आफ्टर अनअदर को 6 अवॉर्ड, सिनर्स पिछड़ी

*लॉस एंजिल्स। अमेरिका और इजराइल का ईरान के साथ चल रहे युद्ध और तमाम उथल-पुथल के दौरान 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स का आयोजन लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में किया गया। 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स के रेड कार्पेट पर दुनिया भर के सितारों का मेला लगा। इस अवॉर्ड के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच समारोह की शुरुआत हुई। नॉमिनेशन में सबसे आगे चल रही 'सिनर्स' जीत के मामले में पिछड़ गई। हालांकि, इस फिल्म ने मुख्य कैटिगरी में कई अवॉर्ड झटके। वहीं 'वन बैटल आफ्टर अनदर' ने छक्के मारे हैं। जिस अवॉर्ड फंक्शन पर दुनिया भर की नजरें टिकी रहीं, यहां भारतीय दर्शकों के लिए सबसे खास आकर्षण प्रियंका चोपड़ा रहीं। बता दें कि वो इस साल अवॉर्ड्स में प्रेजेंटर के तौर पर जुड़ी हैं। वहीं, प्रियंका चोपड़ा के अलावा रॉबर्ट डाउनी जूनियर, ऐन हैथवे, ग्वेनेथ पाल्ट्रो, पॉल मेस्कल और विल आर्नेट भी अलग-अलग कैटिगरी में अवॉर्ड पेश किए।*

### सिनर्स को मिला 4 अवॉर्ड


98वें एकेडमी अवॉर्ड समारोह अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ते हुए, 'वन बैटल आफ्टर अनदर' फिलहाल कुल 6 अवॉर्ड्स के साथ सबसे आगे रही है। 'सिनर्स' को अब तक चार अवॉर्ड मिले हैं।

### बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले

इस अवॉर्ड्स में सबसे अधिक नॉमिनेशन पाने वाली फिल्म 'सिनर्स' ने बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले में भी जगह बनाई है। रयान कूगलर को बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले का एकेडमी अवॉर्ड मिला है। रॉबर्ट डाउनी जूनियर और क्रिस इवांस ने ये पुरस्कार प्रदान किया।

### सिनर्स को मिली एक और ट्रॉफी

इस अवॉर्ड्स में 16 नॉमिनेशंस के साथ उतरी फिल्म 'सिनर्स' के निर्देशक लुडविग गोरान्सन ने बेस्ट ऑरिजनल म्यूजिक के लिए एकेडमी अवॉर्ड जीता। उन्होंने कहा, 'मेरे पिताजी ने अपना पहला ब्लूज एल्बम 1964 में स्वीडन में खरीदा था।



### बेस्ट डायरेक्टरः पॉल थॉमस एंडरसन

इस समारोह में सबसे बड़ी जीत हासिल करते हुए फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' के पॉल थॉमस एंडरसन ने बेस्ट डायरेक्शन का अवॉर्ड जीता लिया है। अपकमिंग फिल्म 'द ड्रामा' के स्टार्स जेंडाया और रॉबर्ट पैटिनसन ने ये अवॉर्ड इन्हें दिया।

### *धर्मेंद्र को नहीं मिली श्रद्धांजलि*

*इस साल के ऑस्कर 2026 में उन सभी दिग्गज दिवंगत अभिनेताओं को श्रद्धांजलि दी गई जो फिल्मी दुनिया के सितारे थे। मगर भारतीय सिनेमा के मशहूर अभिनेता धर्मेंद्र को ऑस्कर के मंच पर याद न किए जाने से फैंस काफी निराश हुए। हालांकि, कई हॉलीवुड अभिनेताओं के नाम इस लिस्ट में शामिल थे। हर साल ऑस्कर के मंच से दुनियाभर के महान कलाकारों को मंच से याद किया जाता है। इसी क्रम में हॉलीवुड के साथ बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता धर्मेंद्र को भी श्रद्धांजलि मिलने की फैंस इंतजार कर रहे थे। मगर ऑस्कर में ऐसा कुछ नहीं हुआ।*

### बेस्ट पिक्चर : वन बैटल आफ्टर अनदर

बेस्ट फिल्म कैटिगरी में पॉल थॉमस एंडरसन की ब्लैक कॉमेडी एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' ने जीत हासिल की है। इसने सिनर्स, बुगोनिया, एफ1, फ्रैंकस्टीन, हैमनेट, मार्टी सुप्रीम, द सीक्रेट एजेंट, सेंटिमेंटल वैल्यू और ट्रेन ड्रीम्स को पीछे छोड़ दिया। इस तरह, फिल्म ने कुल 6 अवॉर्ड मिले और 2026 के ऑस्कर में धूम मचा दी।

### दिखा भारतीय कारीगरी का जलवा

ऑस्कर अवॉर्ड में इस बार सेलेब्स ने भारतीय पारंपरिक शिल्प को अपने परिधान में जोड़ा। जाना रॉबर्ट्स ने जहां भारत की बुनाई का सहारा लिया वहीं, प्रितिका स्वरूप ने पारंपरिक हार को अपने पहनावे का हिस्सा बनाया। जाना रॉबर्ट्स रस्सी ने स्वदेश x अबू जानी और संदीप खोसला की डिजाइन किए गए परिधान को अपने रेड कार्पेट के लिए चुना। इस ड्रेस के पूरी तरह भारतीय कारीगरों ने बनाया था। जिसमें भारत के वस्त्र शिल्प का शानदार काम देखने को मिला। उन्होंने जो क्रॉप टॉप पहन रखा था। उसमें हजारों बीड्स, पत्थरों और क्रिस्टल का उपयोग किया गया था। इस खूबसूरत टॉप को बनाने के लिए सिल्क ब्रोकेड के कपड़े का उपयोग हुआ था।

खबर संक्षेप

## कलेक्टर ने चिकित्सालय का किया निरीक्षण

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिला चिकित्सालय सारंगढ़ के शिशु और ईमरजेंसी वार्ड, नर्स रूम तथा सुपोषण केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हॉस्पिटल में आए बच्चों से उनको क्या हुआ है, इलाज ठीक से हो रहा है, स्कूल की परीक्षा हुई, आदि बातचीत की। इसके साथ साथ कलेक्टर ने प्रसव के बाद महिला से उनके और नवजात शिशु के स्वस्थता की जानकारी ली। कलेक्टर ने सुपोषण केंद्र में महिलाओं से खानपान, बच्चों के सेहत और सुपोषण में सुधार आदि के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डॉ कन्नौजे ने जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में इलाज और व्यवस्था की सराहना की।

## राज्य भंडार गृह निगम के भूमि में अवैध कब्जा

**पुसौर।** निगम शाखा औरदा के अधीन लगभग 5 एकड़ अन्य भूमि है जिसका तहसील न्यायालय पुसौर द्वारा सीमांकन भी कराया जा चुका है और वहां गोदाम बनाया जाना है। निगम के उक्त भूमि में कुछ ग्रामीणों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया जाकर वहां मंदिर व मकान आदि बना लिया गया है और कुछ लोग वहां दुकान संचालित कर रहे हैं। जहां रोजमर्रा के जरूरत के सामग्री कम और नशीला पदार्थ से जुड़े सामग्री अधिक बिक्री होने की बात कही जाती है। जिससे यह क्षेत्र इन दिनों संवेदनशील हो चुका है। बताया जाता है कि इसे लेकर शाखा प्रबंधक ने जिला मुख्यालय में कई बार सुचनाएं दी है लेकिन उचित कार्रवाई के अभाव में अवैध कब्जा में लगातार विस्तार होने लगा है। जिन लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया गया है उन्हें मौखिक रूप से कई बार यह अवगत कराया गया, लेकिन किसी ने माना नहीं। ज्ञात हो कि शासन द्वारा प्रतिवर्ष धान खरीदी करते हुए उसका चावल बनाया जा रहा है जिसे भंडारण करने के लिए गोदामों की कमी हो रही है।

## बांसउरकुली में रामकथा का आयोजन

**बिलाईगढ़।** अनुभाग मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत बांसउरकुली के सड़क पारा में राम नवमी के पावन अवसर पर एक दिवसीय संगीतमयी रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन कॉलेज रोड स्थित हनुमान मंदिर परिसर में श्रीराम जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में शनिवार, 21 मार्च को संपन्न होगा। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर लगभग 1 बजे से 2 बजे तक विधिवत गौरी गणपति पूजन के साथ होगी, जिसमें पंडित बद्री प्रसाद दुबे द्वारा पूजन सम्पन्न कराया जाएगा। इसके पश्चात पंडित दुबे द्वारा रामकथा का संगीतमय गायन एवं प्रवचन प्रस्तुत किया जाएगा।

निधन...

## परदेशी भाट



**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के वार्ड क्रमांक 4 के रहवासी परदेशी भाट का निधन हो गया। परदेशी के मिलनसार व्यवहार भी लोगों के दिलों में जगह बना ली है। इस परिपेक्ष्य में पुसौर के लोगों ने संवेदना व्यक्त किया। इनके निधन पर पर नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी, उपाध्यक्ष उमेश साव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने शोक प्रकट किया है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**
-:: ईश्तहार ::-
रा.प्र.क्र. 202603321500002/ अ-6/2025-26
साकिन-सारंगढ़, तहसील-सारंगढ़

एतद् द्वारा सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री ललित कुमार यादव पिता स्व. श्रीराम यादव निवासी धागडडीपा रायगढ़, तहसील व जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पिता स्व. श्रीराम द्वारा बीड़पारा चौक सिराज गली सारंगढ़ स्थित नजूल खसरा नंबर 1026 भूमि को दिनांक 23.05.1960 को विधिवत पंजीकृत पंजीयन के आधार पर क्रय किये थे। जिसमें क्रेता स्व. श्रीराम की मृत्यु हो गई है। अतएव पंजीकृत पंजीयन के आधार पर आवेदित भूमि में आवेदक एवं उनके छोटे भाई किरण कुमार के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी हितबद्ध पक्षकार अथवा कोई भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में पेशी दिनांक 23/03/2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 06/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर अंकित कर जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

### जिले में 19 मार्च को पुसौर और 20 मार्च को छाल में जनसमस्या निवारण शिविर

# विभिन्न योजनाओं की कलेक्टर ने की समीक्षा समय पर काम पूरा करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने जनदर्शनए जनसमस्या निवारण शिविर, पीजीएन और पीजी पोर्टल में दर्ज प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि सभी का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाशत नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिक संख्या में लंबित प्रकरण वाले संबंधित विभागीय अधिकारियों के प्रति नाराजगी भी व्यक्त की और शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अधोसंरचना विकास से जुड़े आवेदनों, विशेषकर सड़क निर्माण एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के प्रस्तावों पर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव तैयार करते समय क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाए तथा व्यावहारिक एवं प्रभावी समाधान प्रस्तुत किए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 19 मार्च को पुसौर तथा 20 मार्च को विकासखंड धरमजयगढ़ अंतर्गत छाल में तहसील स्तर पर दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें आमजन अपनी शिकायतेंए मांग और आवेदन सीधे प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे। उन्होंने अधिकारियों को शिविरों में पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था सहित सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। कलेक्टर ने कहा कि भारतीय थल सेना की अग्निवीर भर्ती में जिले के अधिक से अधिक पात्र युवाओं का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए।



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

उन्होंने अधिकारियों को इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी इच्छुक युवा इस अवसर से वंचित न रहे। इच्छुक अभ्यर्थी 1 अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बैठक में कलेक्टर ने जल संचय एवं जन भागीदारी पोर्टल की प्रगति, ईएसआईसी अस्पताल की सुविधाएं, औद्योगिक श्रमिकों की स्वास्थ्य जांच, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, पेरोल प्रकरणों का समय पर निराकरण, जेल में बंदियों को विधिक सहायता, भू-अभिलेखों का अद्यतन, एफआर, नामांतरण, पीएम गतिशक्ति योजना, आयुष्मान कार्ड, आंगनबाड़ी में बच्चों का पंजीयन, धान उठाव, बालिका शौचालय निर्माण, जल जीवन मिशन, पीएम किसान योजना के सत्यापन, ट्रांसजेंडर पहचान प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, ई आफिस ऑनबोर्डिंग और मोबाइल टावर स्थापना जैसे विषयों पर विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ रायगढ़ अरविंद पीएम, जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे, सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, डॉ. प्रियंका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा, श्रीमती पूजा बंसल, डिप्टी कलेक्टर धनराज मरकाम सहित सभी अनुविभागों के एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिलाईगढ़ विधायक ने उठाया जिला स्तरीय विभागों का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़



बिलाईगढ़ विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे ने सदन में बिलाईगढ़ में जिला स्तरीय विभागों की स्थापना का मुद्दा उठाते हुए सरकार से सवाल किया। सारंगढ़ बिलाईगढ़ संयुक्त जिला बनने के बावजूद बिलाईगढ़ क्षेत्र के नागरिकों को आज भी जिला स्तरीय कार्यों के लिए सारंगढ़ जिला मुख्यालय पर क्यों निर्भर रहना पड़ रहा है।

इसका जवाब सीएम विष्णु देव साय ने देते हुए स्वीकार किया कि जिला स्तरीय कार्य जिला मुख्यालय से संचालित होने के कारण बिलाईगढ़ क्षेत्र के नागरिकों को अभी भी सारंगढ़ जिला मुख्यालय पर निर्भर रहना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वर्तमान में बिलाईगढ़ क्षेत्र में कोई जिला स्तरीय विभाग स्थापित नहीं है और यहां केवल बिलाईगढ़ अनुभाग है, जहां अनुभाग स्तर के अधिकारी पदस्थ हैं और उन्हीं के माध्यम से प्रशासनिक कार्यों का निष्पादन किया जा रहा है। गौरतलब है कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में सारंगढ़ बिलाईगढ़ को संयुक्त जिला बनाया गया था। उस समय क्षेत्र में यह उम्मीद जगी थी कि संयुक्त जिला बनने के बाद प्रशासनिक संतुलन बनाए रखने के लिए कुछ जिला स्तरीय विभाग सारंगढ़ में और कुछ बिलाईगढ़ में स्थापित किए जाएंगे, ताकि दोनों क्षेत्रों के लोगों को समान रूप से प्रशासनिक सुविधाएं मिल सकें,लेकिन जिला गठन के कुछ ही समय बाद प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हो गया और भाजपा की सरकार बन गई। इसके बावजूद अब तक बिलाईगढ़ क्षेत्र में किसी भी प्रमुख जिला स्तरीय विभाग की स्थापना नहीं हो पाई है। इसे लेकर क्षेत्र में लोगों के बीच नाराजगी बढ़ती जा रही है, क्योंकि छोटे छोटे प्रशासनिक कार्यों के लिए भी नागरिकों को सारंगढ़ जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। विधानसभा में यह मुद्दा उठाकर विधायक कविता प्राण लहरे ने एक बार फिर यह साबित किया है कि वे अपने क्षेत्र की समस्याओं को मजबूती से सदन में रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# बिलासपुर और किरीतमाल में 92 लीटर शराब और 200 किलो लाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने भूपदेवपुर व थाना क्षेत्र के बिलासपुर, किरीतमाल में 92 लीटर महुआ शराब और लगभग 200 क्विंटल लाहन बरामद किया गया। सहायक आयुक्त आबकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि भूपदेवपुर पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किए हैं।

पुलिस ने ग्राम किरीतमाल निवासी श्रवण कुमार लहरे 43 वर्ष से 7 लीटर महुआ शराब जब्त कर मामला दर्ज किया है। इसी तरह मालती बाई डनसेना, निवासी किरीतमाल से भी 7 लीटर महुआ शराब बरामद कर प्रकरण कायम किया गया। वहीं ग्राम बिलासपुर निवासी संतोषी चौहान 38 के पास से भी 7 लीटर महुआ शराब जब्त कर प्रकरण के तहत मामला दर्ज किया गया है। आबकारी विभाग की टीम ने भी क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए कई मामलों में प्रकरण कायम किए हैं। ग्राम-बिलासपुर निवासी मुनु चौहान 30 से 6.500 लीटर महुआ शराब जब्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत वृत्त खरसिया में प्रकरण दर्ज किया गया। इसी प्रकार किरीतमाल निवासी रमेश लहरे 22 से 3 लीटर तथा मोंगरा बाई लहरे 70 वर्ष से 2 लीटर महुआ शराब जब्त कर धारा 34(1)(क) के तहत क्रमशः प्रकरण कायम किए गए। इसके अलावा ग्राम किरीतमाल में कार्रवाई के दौरान 60 लीटर महुआ शराब और लगभग 200 किलोग्राम महुआ लाहन भी बरामद किया गया।

## विश्वनाथ बने मंत्री, अंचल के कार्यकर्ताओं में खुशी



कोसीर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन, पवन साय के मार्गदर्शन एवं भाजपा संभाग प्रभारी रामू रोहरा एवं जिला प्रभारी शंकर अग्रवाल के निर्देशानुसार व भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष डॉ सनम जांगडे व भाजपा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ अध्यक्ष ज्योतिलाल पटेल के अनुशंसा से अनुसूचित जाति मोर्चा सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिलाध्यक्ष देवेन्द्र रात्रे द्वारा जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की गई। भाजपा पार्टी को मजबूत करने और संगठन को सक्रिय करते हुए संगठन में नए रूप से जिम्मेदारी दी गई है। वहीं सारंगढ़ अंचल के विश्वनाथ बसंत को अनुसूचित जाति मोर्चा संगठन में मंत्री बनाया गया है।

# भाजपा मंडल घरघोड़ा में दिया गया कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण

**घरघोड़ा।** मंडल घरघोड़ा में दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण वर्ग सात सत्रों में किया जाना तय था, सर्व प्रथम उक्त कार्यक्र के शुभारंभ में रायगढ़ जिले के प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर जी ने ध्वजारोहण कर, कार्यक्रम की शुरुवात की।



उक्त कार्यक्रम में अतिथि के रूप में रायगढ़ लोकसभा के सांसद राधेश्याम राठिया, भारतीय जनता पार्टी के जिले के प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर, रायगढ़ जिले के पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, पूर्व महामंत्री सतीश बेहरा, महामंत्री विकास केडिया, जिला उपाध्यक्ष नरेश पंडा, जिला कार्यसमिति सदस्य जैनेश्वर मिश्रा, पूर्व भाजपा अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष शकील मोहम्मद, आईटी सेल प्रमुख अंशु टुटेजा इस वर्ग के वर्गाधिकारी व जिला भाजपा के उपाध्यक्ष विनायक पटनायक, उपस्थित रहे, सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा भारत माता दीनदयाल उपाध्याय श्यामप्रसाद मुखर्जी के चित्र पट के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष राजेश पटेल ने प्रशिक्षण वर्ग के संबंध में अपना अध्यक्षीय उद्बोधन दिया, उसके बाद जिला प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर द्वारा प्रशिक्षण वर्ग के नियमों व उपयोगिता के बारे में बताया तत्पश्चात क्षेत्रीय सांसद राधेश्याम राठिया ने सभी अच्छे से प्रशिक्षण करने हेतु सभी प्रशिक्षार्थियों को शुभकामनाएं दी। प्रथम सत्र में पार्टी के इतिहास विकास विषय पर प्रशिक्षण होना था उक्त सत्र के वक्ता के रूप में सतीश बेहरा तथा उक्त सत्र की अध्यक्षता शकील मोहम्मद ने की। द्वितीय सत्र में वैचारिक अधिष्ठान विषय पर वक्ता के रूप में पूर्व विधायक विजय अग्रवाल उक्त सत्र की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष सहनू पैंकरा ने की। तृतीय सत्र कार्य पद्धति विषय पर था जिसके वक्ता के रूप में जतिन साव तथा उक्त सत्र की अध्यक्षता नीलांचल पंडा ने की।

# बिलाईगढ़ में अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन

**बिलाईगढ़।** मां समलाई की पावन धरा बिलाईगढ़ में आयोजित अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इंदिरा मार्केट में सोमवार 16 मार्च को आयोजित इस भव्य कवि सम्मेलन में देर रात तक हास्य और व्यंग्य की रंगारंग प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।




कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। मंच संचालन बंशीधर मिश्रा द्वारा किया गयाए जिन्होंने अपने रोचक अंदाज से पूरे कार्यक्रम को जीवंत बनाए रखा। कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रसिद्ध कवियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां दीं। वीर रस के कवि योगेश सिंह चौहान लखनऊ ने ओजपूर्ण रचनाओं से देशभक्ति का जज्बा जगाया, वहीं प्रियंका मिश्रा कटनी ने श्रृंगार रस की कविताओं से श्रोताओं का दिल जीता। हास्य कवियों में शशिभूषण स्नेही, मयंक शर्मा, दाता दिवाना, विनोद विक्रम, रेशम लाल देवांगन एवं रंजीत देवांगन ने अपनी चुटीली रचनाओं से उपस्थित जनसमूह को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे और देर रात तक कविताओं का आनंद लेते रहे। आयोजन स्थल पर उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला जहां हर प्रस्तुति पर श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से कवियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन बिलाईगढ़ रॉयल्स ग्रुप द्वारा किया गया।

# ट्रैफिक चालान का बढ़ता ग्राफ, 28 प्रकरण में 44 हजार का जुर्माना

**सारंगढ़।** यातायात नियमों का पालन कराने के लिए यातायात दल ने कार और मोटर साइकिल ड्राइविंग के दौरान बिना हेलमेट, सीट बेल्ट नहीं पहनने और तीन सवारी आदि पर, 194 बी 1, 50/177, 130, 122, 128, 179, 112, 115 जैसे धाराओं के तहत कुल 28 प्रकरण में 44 हजार 300 रूपए की यातायात चालानी कार्रवाई की गई।



इस कार्य में यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक जितेन्द्र चन्द्रा, उप निरीक्षक समेलाल सोनवानी, प्रधान आरक्षक मुकेश साहू, आरक्षक अक्षय रात्रे और सनसाई तिग्गा आदि शामिल थे।

# सरपंच ने सामुदायिक भवन के लिए स्वीकृत 20 लाख में बनाई 50 लाख जैसी बिल्डिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला मुख्यालय से महज 15 किमी दूर पुसौर जनपद के तहत ग्राम पंचायत सुकुल भठली में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन इन दिनों जन चर्चा का विषय बना हुआ है। यह जन चर्चा सामुदायिक भवन के आधे अधूरे निर्माण या रिश्वत खोरी को लेकर नहीं बल्कि गांव की महिला सरपंच और आर्य युवा समिति के उन सदस्यों से जुड़ी है जिन्होंने सामुदायिक भवन के लिए 20 लाख की स्वीकृति मिलने के बाद ऐसा भवन बनाया जो पचास लाख रुपए के भवन की तरह नजर आता है।



ग्राम पंचायत सुकुल भठली की महिला सरपंच श्रीमती निरवती सिदार ने भूतपूर्व सरपंच जै जै राम गुप्ता, गणेश राम सिदार, आर्य समिति के संरक्षक डॉक्टर मनोहर लाल पटेल एवं जागरूक सदस्यों के साथ विधायक ओपी चौधरी के समक्ष ग्राम सुकुल भठली में सामुदायिक भवन की मांग रखी। विधायक ओपी चौधरी ने सभी के आग्रह को स्वीकारते हुए सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु डी एफ एम मद से 19-90 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की। महिला सरपंच के साथ आए आर्य समिति के सदस्य ओपी चौधरी के व्यक्तित्व से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके। ओपी की शालीनता विनम्रता ने ग्राम वासियों को प्रभावित किया उस दौरान समिति से जुड़े लोगों के ओपी चौधरी के सामने यह वादा किया कि यह सामुदायिक भवन पूरे अंचल के लोगों के लिए मिशाल स्थापित करेगा। डी एफ एम मद से स्वीकृति से मिले राशि से सामुदायिक भवन की मजबूत नीव रखी गई इसके बाद आर्य समिति के युवाओं का साहसिक और ईमानदार प्रयास शुरू हुआ सामूहिक प्रयासों से इसकी भव्यता ऐसी नजर आती है जैसे पचास लाख व्यय कर किए गए भवन की होती है। यह ऐतिहासिक सामुदायिक भवन अंचल में जन चर्चा का विषय बन गया ।आस पास के ग्रामीण इस भवन की देखने आ रहे है। आर्य समिति के संरक्षक डॉक्टर मनोहर लाल पटेल ने कहा उनकी यह पहल राजनीति में ईमानदारी सुचिता के नए युग की शुरुआत होगी। यह सिर्फ भवन नहीं बल्कि सुकूल भठली वासियों की ईमानदार भावना का प्रतीक चिन्ह है। भवन की खूबसूरती सदैव ईमानदार प्रयासों का स्मरण कराती रहेगी।

यह सामुदायिक भवन गांव की अस्मिता से जुड़ा हुआ है आने वाली पीढ़ी उनके शाश्वत प्रयासों को याद करेगी। सन 2000 के दशक के इस समिति की बुनियाद रखी गई समिति के तत्वाधान में आयोजित होने वाला सार्वजनिक कबड्डी मैच पूरे अंचल में प्रसिद्ध है। वही भूतपूर्व सरपंच जै जै राम गुप्ता का मानना है कि इस समुदायिक भवन को मेरा गांव मेरी पहचान के रूप में लंबे समय तक याद किया जाएगा।



# महापौर ने किया सीसी रोड का निरीक्षण

**रायगढ़।** वार्ड क्रमांक 14 बैकुंठपुर महावीर चौक गली में एमआईसी सदस्यों के साथ निर्माणाधीन सीसी रोड का निरीक्षण करने पहुंचे महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा मोहल्लेवासियों की शिकायत पर जांच के दौरान कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाई गई। संबंधित इंजीनियर को कार्य सुधारे जाने संबंधी निर्देश दिए गए। संबंधित ठेकेदार पर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने की बात भी कही। वित्तमंत्री ओपी चौधरी की मंशा का जिक्र करते हुए महापौर ने कहा विकास कार्यों की गुणवत्ता में समझौता स्वीकार्य नहीं है। जनता को गुणवत्तापूर्ण और टिकाऊ पुर सुविधाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षो से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त